प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी,**
आगरा, अलीगढ, प्रयागराज, अम्बेडकर नगर, जे0पी0नगर (अमरोहा), आजमगढ, बागपत, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बरेली, बस्ती, बिजनौर, बदॉयू, बुलन्दशहर, देवरिया, इटावा, अयोध्या, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, जी0बी0 नगर, गाजियाबाद, गाजीपुर, गोरखपुर, हापुड, हरदोई, हाथरस, जालौन, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, मैनपुरी, मथुरा, मऊ, मेरठ, मिर्जापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, रायबरेली, रामपुर, सहारनपुर, संभल, शाहजहॉनपुर, शामली, सीतापुर सुल्तानपुर, उन्नाव एवं वाराणसी।

पत्रांकः SPMU/NUHM/Guideline/2020-21/47/ 2684 दिनांकः 16 .08.2021

**विषय– राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत शहरी आशाओ के माड्यूल 6–7 (तृतीय चरण) प्रशिक्षण हेतु दिशा निर्देश।**

महोदय / महोदया,

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत 50 जनपदो मे शहरी आशाओ को माड्यूल 6–7 मे 5+5 दिवसीय दो चरणो मे प्रशिक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। पत्रांक प0क0.13 / सं0नि0न0 / अर0आशा / 52 / 2019–20 / 3277–50 लखनऊ दिनांक 30 अक्टूबर 2019 के माध्यम से शहरी आशाओ के माड्यूल 6–7 के प्रथम व द्वितीय चरण के प्रशिक्षण हेतु दिशा निर्देश प्रेषित किये गये हैं। इस वर्ष जनपद स्तर पर आंवटित धनराशि मदवार उपलब्ध करायी जा रही है अतः सम्बन्धित मद में धनराशि की उपलब्धता के आधार पर ही धनराशि व्यय की जा सकेगी।

माड्यूल 6–7 के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी शहरी आशाओ को तृतीय चरण का प्रशिक्षण दिया जाना है। उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु निम्न दिशा निर्देशो का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना है–

1. उक्त प्रशिक्षण, माड्यूल 6 व 7 की द्वितीय चरण की टी0ओ0टी0 प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा ही दिया जाना है।
2. संबंधित शहरी स्वास्थ्य समन्वयक द्वारा जिला कम्यूनिटी प्रोसेस मैनेजर के साथ समन्वय करते हुए, प्रशिक्षको की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी तथा नोडल अधिकारी के निर्देशन मे प्रशिक्षण कैलेण्डर तैयार कर महानिदेशालय व एस.पी.एम.यू. को प्रेषित किया जायेगा। किसी भी स्थिति मे प्रशिक्षण कैलण्डर प्रेषित किये बगैर प्रशिक्षण प्रारंभ न किया जाये।
3. केवल उन्हीं आशाओं का प्रशिक्षण हेतु नामांकन किया जाना हैं जिन्होंने पूर्व में माड्यूल 6 व 7 के प्रथम व द्वितीय चरण का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया हो।
4. आशाओ को तृतीय चरण के प्रशिक्षण मे योगदान के समय प्रथम व द्वितीय चरण के प्रशिक्षण के दौरान उपलब्ध कराई गई एच.बी.एन.सी. किट व माड्यूल 6 व 7 की प्रतियां अनिवार्य रूप से साथ लाना है।
5. प्रशिक्षण का आयोजन प्रशिक्षण माड्यूल की विषयवस्तु को ध्यान में रखते हुए किया जाये। प्रशिक्षण हेतु ऐजेन्डा संलग्न कर (संलग्नक–01) प्रेषित किया जा रहा है। इसमें प्रशिक्षण की तारीख तथा प्रशिक्षकों के नाम आदि अंकित किये जाने हैं। ऐजेन्डा में दी गयी सत्र योजना, समय योजना, सत्रों की विषयवस्तु तथा प्रशिक्षण पद्धति का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।
6. व्यय के मानक (अधिकतम) निम्नानुसार है, जो वास्तविक व्यय के आधार पर मान्य होगें। व्यय का आंकलन वास्तविक संख्या के अनुसार ही किया जाये।

**Cost calculation of Urban ASHA Training on Module 6 & 7 (Round-03) per batch (for a batch of 30)**

| S.No. | Item | Rate | Days | No./ units | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Perdiem to participants (ASHA) | 150 | 5 | 30 | 22500 |
| 2 | Honraria to Trainers | 500 | 5 | 4 | 10000 |
| 3 | Food for Participants & trainer (Breakfast, Tea, Lunch etc.) | 100 | 5 | 34 | 17000 |
| 4 | Contingency (Register, Pen, pencil , rubber, cutter, Photography, Photocopy, Banner etc.) | 250 | | 30 | 7500 |
| 5 | POL for generator and field visit | | 5 | | 5000 |
| 6 | Stay and food arrangement of ASHA | 100 | 5 | 30 | 15000 |
| 7 | Stay and food arrangement for NGO trainers | 100 | 5 | 2 | 1000 |
| 8 | TA to ASHA upto @Rs 300 (Actual) TA to NGO Trainers (Actual) | | | | 10200 |
| | **Total** | | | | **88200** |

7. अरबन हेल्थ कोआर्डिनेटर अपने जनपदों के प्रशिक्षण की अद्यतन सूचना प्रत्येक माह की 1 तथा 15 तारीखों को, संलग्न प्रारुप (संलग्नक–02) पर एस0पी0एम0यू0 तथा महानिदेशक परिवार कल्याण को प्रेषित करेंगें।

8. प्रशिक्षण हेतु धनराशि का आवंटन वर्ष 2021–22 के डैप के माध्यम से संबंधित जनपदो को किया गया है जिसका जनपदवार विवरण निम्नानुसार है–

**माड्यूल 6 व 7 तृतीय चरण प्रशिक्षण हेतु जनपदवार आशा सं0, बैच सं0 व आवंटित धनराशि का विवरण**

**U.3.1.2.1 Module Training (Induction, VI & VII)**

| S. No. | District | Target | No of Batch | Module 6 & 7 - Round 3rd training of 6807 U-ASHA @ Rs. 88200/- per batch for 231 batches | S. No. | District | Target | No of Batch | Module 6 & 7 - Round 3rd training of 6807 U-ASHA @ Rs. 88200/- per batch for 231 batches |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Agra | 625 | 21 | 1852200.00 | 26 | Hapur | 71 | 2 | 176400.00 |
| 2 | Aligarh | 415 | 14 | 1234800.00 | 27 | Hardoi | 34 | 1 | 88200.00 |
| 3 | Prayagraj | 340 | 11 | 970200.00 | 28 | Hathras | 30 | 1 | 88200.00 |
| 4 | Ambedkarnagar | 35 | 1 | 88200.00 | 29 | Jalaun | 51 | 2 | 176400.00 |
| 5 | Amroha (J.P Nagar) | 66 | 2 | 176400.00 | 30 | Jhansi | 116 | 4 | 352800.00 |
| 6 | Azamgarh | 39 | 2 | 176400.00 | 31 | Kanpur Nagar | 457 | 15 | 1323000.00 |
| 7 | Baghpat | 38 | 1 | 88200.00 | 32 | Lucknow | 566 | 19 | 1675800.00 |
| 8 | Bahraich | 37 | 1 | 88200.00 | 33 | Mainpuri | 42 | 2 | 176400.00 |
| 9 | Ballia | 34 | 1 | 88200.00 | 34 | Mathura | 151 | 5 | 441000.00 |
| 10 | Balrampur | 20 | 1 | 88200.00 | 35 | Mau | 32 | 1 | 88200.00 |
| 11 | Bareilly | 226 | 8 | 705600.00 | 36 | Meerut | 588 | 20 | 1764000.00 |
| 12 | Basti | 28 | 1 | 88200.00 | 37 | Mirzapur | 30 | 1 | 88200.00 |
| 13 | Bijnor | 75 | 3 | 264600.00 | 38 | Moradabad | 230 | 8 | 705600.00 |
| 14 | Budaun | 72 | 3 | 264600.00 | 39 | Muzaffarnagar | 72 | 2 | 176400.00 |
| 15 | Bulandshahar | 154 | 5 | 441000.00 | 40 | Pilibhit | 34 | 1 | 88200.00 |
| 16 | Deoria | 32 | 1 | 88200.00 | 41 | Rae Bareli | 28 | 1 | 88200.00 |
| 17 | Etawah | 37 | 1 | 88200.00 | 42 | Rampur | 62 | 2 | 176400.00 |
| 18 | Ayodhya | 35 | 1 | 88200.00 | 43 | Saharanpur | 228 | 8 | 705600.00 |
| 19 | Farrukhabad | 91 | 3 | 264600.00 | 44 | Sambhal | 38 | 1 | 88200.00 |
| 20 | Fatehpur | 38 | 2 | 176400.00 | 45 | Shahjahanpur | 131 | 4 | 352800.00 |
| 21 | Firozabad | 216 | 7 | 617400.00 | 46 | Shamli | 27 | 1 | 88200.00 |
| 22 | GB Nagar | 110 | 4 | 352800.00 | 47 | Sitapur | 33 | 1 | 88200.00 |
| 23 | Ghaziabad | 285 | 10 | 882000.00 | 48 | Sultanpur | 45 | 2 | 176400.00 |
| 24 | Ghazipur | 30 | 1 | 88200.00 | 49 | Unnao | 40 | 2 | 176400.00 |
| 25 | Gorakhpur | 308 | 10 | 882000.00 | 50 | Varanasi | 285 | 10 | 882000.00 |
| | **Total** | | | | | | **6807** | **231** | **20374200.00** |

9. प्रशिक्षण संबंधी अन्य दिशा निर्देश पत्रांक प0क0. 13/सं0नि0न0/अर0आशा/52/ 2019–20/3277–50 लखनऊ दिनांक 30 अक्टूबर 2019 के माध्यम से पूर्व मे प्रेषित दिशा निर्देशो के समान यथावत रहेगें।

चूंकि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम आपके जनपद में पूर्व से आयोजित किये जाते रहे है अतः आशा है कि आपको इस कार्यक्रम के सफल संचालन में किसी प्रकार की कठिनाई का अनुभव नहीं होगा।

कृपया अपने जनपद की शहरी आशाओ के माड्यूल 6 व 7 के तृतीय चरण के प्रशिक्षण की योजना बनाकर परिवार कल्याण महानिदेशालय व एस.पी.एम.यू. को सूचित करें तथा समस्त दिशा निर्देशो का कड़ाई से अनुपालन कराते हुए उपरोक्त प्रशिक्षण कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–यथोक्त

भवदीया,

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक

**पत्रांकः** SPMU/NUHM/Guideline/2020-21/47/ तद्दिनांक

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन।
2. महानिदेशक, परिवार कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ।
3. संबंधित मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
4. संबंधित जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, उत्तर प्रदेश।
5. संबंधित मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।
6. महाप्रबंधक, एम0आई0एस0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की उक्त दिशा–निर्देशों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
7. संयुक्त निदेशक, नगरीय, परिवार कल्याण, प0क0 महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश।
8. संबंधित जनपदीय नोडल अधिकारी, एन.यू.एच.एम, उत्तर प्रदेश।
9. संबंधित मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक/अरबन हेल्थ कन्सल्टेंट उत्तर प्रदेश।
10. संबंधित जनपदीय कार्यक्रम प्रबन्धक/शहरी स्वास्थ्य समन्वयक, उत्तर प्रदेश।

(डा0 राजेश झा)
महाप्रबन्धक, एन0यू0एच0एम0

## आशा हेतु मॉड्यूल 6–7 पर 5 दिवसीय तृतीय चरण प्रशिक्षण की कार्यक्रम सारणी एवं सत्र योजना

प्रशिक्षण स्थल नाम– ....................................................... **जनपद–**.......................................
आवासीय प्रशिक्षण दिनांक..................से....................तक

| दिवस / समय | सत्र विषय | सत्र की विषयवस्तु | प्रशिक्षक / फेसिलिटेटर |
|---|---|---|---|
| दिवस–1 दिनांक.............. | | | |
| 09:30–09:45 | प्री टेस्ट | मॉड्यूल की विषय वस्तु पर आधारित प्रश्नावली | |
| 09:45–10:15 | स्वागत, परिचय एवं प्रशिक्षण के उद्देश्य | | |
| 10:15–11:30 | आ"ाा माडयूल 6–7 प्रथम एवं द्वितीय चरण प्रशिक्षण का पुनरावलोकन | • मुख्य बिन्दुओं, कार्य अनुभवों एवं कौशलों पर चर्चा एवं पुनः अभ्यास<br>• हाथ धोने का कौशल<br>• तापमान मापने का कौशल | |
| 11:30–11:45 | चाय | | |
| 11:45–1:30 | आशा माडयूल 6–7 प्रथम एवं द्वितीय चरण प्रशिक्षण का पुनरावलोकन (जारी) | • मुख्य बिन्दुओं, कार्य अनुभवों एवं कौशलों पर चर्चा एवं पुनः अभ्यास<br>• बच्चे का वजन लेना<br>• बच्चे को हाइपोथर्मिया से बचाने के लिए कम्बल में लपेटना | |
| 01:30–02:30 | भोजन | | |
| 02:30–3:15 | मातृ स्वास्थ्य के मुख्य बिन्दुओं को दोहराना | • गर्भावस्था का पता लगाना, एल0एम0पी0, ई0डी0डी0, प्रसवपूर्व चेकअप, प्रसव की तैयारी, एनीमिया का प्रबन्धन, माता में जटिलताएं एवं रेफरल<br>• प्रसव के दौरान देखभाल, प्रसूति की अवस्थाएं, प्रसव पश्चात् देखभाल, जटिलताएं | |
| 03:15–03:30 | चाय | | |
| 03:30–04:00 | नवजात शिशु के स्वास्थ्य संबंधी मुख्य बिन्दुओं को दोहराना | • प्रसव के समय शिशु की देखभाल, नवजात शिशु की पहली जांच, नवजात शिशु को गर्म रखना, हाइपोथर्मिया की पहचान और उसका प्रबन्धन<br>• स्तनपान, स्तनपान संबंधी समस्याओ का निस्तारण | |
| 04:00–05:30 | घरों का दौरा | • नवजात शिशुओं और प्रसूता माताओं के लिए घरों का दौरा कार्यक्रम का चर्चा<br>• आशा की भूमिका | |
| दिवस–2 दिनांक.............. | | | |
| 09:30–09:45 | दोहराव (रीकैप) | चयनित प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुतिकरण एवं प्रस्तुतिकरण पर अन्य प्रतिभागियों एवं प्रशिक्षकों का फीडबैक | |
| 09:45–11:30 | कम वजन के शिशुओं / समय से पूर्व जन्में शिशुओं में खतरों की पहचान एवं | • खतरे वाले शिशु की पहचान<br>• कम वजन वाले / समय से पूर्व जन्में | |

| दिवस/ समय | सत्र विषय | सत्र की विषयवस्तु | प्रशिक्षक/ फेसिलिटेटर |
|---|---|---|---|
| | इनका प्रबन्धन | शिशुओं की देखभाल | |
| 11:30–11:45 | चाय | | |
| 11:45–01:30 | कम वजन के शिशुओं/समय से पूर्व जन्में शिशुओं में खतरों की पहचान एवं इनका प्रबन्धन (जारी) | • कम वजन वाले शिशुओं की देखभाल के बारे में मां को बताना | |
| 01:30–02:30 | भोजन | | |
| 02:30–3:15 | कम वजन के शिशुओं/समय से पूर्व जन्में शिशुओं में खतरों की पहचान एवं इनका प्रबन्धन (जारी) | • कम वजन वाले/समय से पूर्व जन्में शिशुओं को स्तनपान कराना | |
| 03:15–03:30 | चाय | | |
| 03:30–05:30 | सांस में घुटन (एस्फिक्सिया) की पहचान एवं प्रबन्धन | • जन्म के समय सांस में घुटन (एस्फिक्सिया)<br>• जन्म के समय शिशु में सांस की घुटन की पहचान कैसे करें?<br>• सांस में घुटन (एस्पिक्सिया) के परिणाम, प्रबन्धन | |
| दिवस–3 | दिनांक.............. | | |
| 09:30–09:45 | दोहराव (रीकैप) | चयनित प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुतिकरण एवं प्रस्तुतिकरण पर अन्य प्रतिभागियों एवं प्रशिक्षकों का फीडबैक | |
| 09:45–11:30 | नवजात में सेप्सिसः पहचान एवं प्रबन्धन | • नवजात शिशु में सेप्सिस की पहचान<br>• नवजात शिशुओं में सेप्सिस का कारण | |
| 11:30–11:45 | चाय | | |
| 11:45–01:30 | नवजात में सेप्सिसः पहचान एवं प्रबन्धन (जारी) | • सेप्सिस का प्रबन्धन एवं रेफरल | |
| 01:30–02:30 | भोजन | | |
| 02:30–03:30 | नवजात में सेप्सिसः पहचान एवं प्रबन्धन (जारी) | • नवजात शिशुओं में सेप्सिस का इलाज | |
| 03:30–03:45 | चाय | | |
| 03:45–05:15 | सुरक्षित गर्भपात | • गर्भपातः परिस्थितियां, बैधता एवं विधियां<br>• गर्भपात के बाद देखभाल, जटिलताएं एवं आशा की भूमिका | |
| 05:15–05:30 | फील्ड विजिट के बारे में चर्चा तथा तैयारी | • फील्ड विजिट की तैयारीः समूह निर्धारण एवं कार्य आवंटन | |
| दिवस–4 | दिनांक.............. | | |
| 09:00–09:15 | दोहराव (रीकैप) | चयनित प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुतिकरण एवं प्रस्तुतिकरण पर अन्य प्रतिभागियों एवं प्रशिक्षकों का फीडबैक | |
| 09:15–01:30 | फील्ड विजिट<br>(चायःफील्ड विजिट के दौरान) | सेप्सिस और जन्म के समय कम समय वाले मामलों को देखने के लिए सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 का दौरा, सुविधा केन्द्र प्रबन्ध का अवलोकन | |
| 01:30–02:30 | भोजन | | |
| 02:30–03:30 | फील्ड विजिट पर चर्चा | • भ्रमण के दौरान किये गये कार्यों पर | |

| दिवस / समय | सत्र विषय | सत्र की विषयवस्तु | प्रशिक्षक / फेसिलिटेटर |
|---|---|---|---|
| | | चर्चा एवं समीक्षा | |
| 03:30–03:45 | चाय | | |
| 03:45–05:00 | परिवार नियोजन | • परिवार नियोजन की आवश्यकता<br>• विधियां | |
| दिवस–5 | दिनांक.............. | | |
| 09:30–09:45 | दोहराव (रीकैप) | चयनित प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुतिकरण एवं प्रस्तुतिकरण पर अन्य प्रतिभागियों एवं प्रशिक्षकों का फीडबैक | |
| 09:45–10:45 | आर0टी0आई0 / एस0टी0आई0, एच0आई0वी0–एड्स | • आर0टी0आई0, एस0टी0आई0 क्या हैं?<br>• आर0टी0आई0, एस0टी0आई0 के लक्षण एवं परिणाम<br>• एच0आई0वी0–एड्स क्या है? कैसे फैलता है?<br>• आशा द्वारा किये जाने वाले कार्य | |
| 10:45–11:30 | भरे जाने वाले फॉर्मों पर चर्चा | | |
| 11:30–11:45 | चाय | | |
| 11:45–01:45 | पोस्ट टेस्ट, मूल्यांकन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा | | |
| 01:45–02:30 | भोजन | | |
| 02:30–04:30<br>03:15–03:30 | सामुदाय में कार्य करने की योजना बनाना<br>(चाय–सत्र के दौरान) | | |
| 04:30–05:00 | प्रमाण पत्र विवरण एवं भुगतान संबंधी कार्यवाही | | |

**कोर्स–कोआर्डिनेटर का नाम एवं हस्ताक्षर** **नोडल अधिकारी का नाम एवं हस्ताक्षर**

संलग्नक–02

## आशाओं के माड्यूल 6–7 प्रशिक्षण (तृतीय राउन्ड) की भौतिक प्रगति हेतु प्रारूप

**(प्रत्येक माह की 1 तथा 15 तारीख को प्रेषित किये जाने हेतु)**

**जनपद का नामः** ......................................................

**माह / वर्ष :** ....................

| क्र.सं. | आशाओं की संख्या (ट्रेनिंग लोड) | | माड्यूल 6–7 पर 5 दिवसीय तृतीय राउन्ड प्रशिक्षण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | संख्या | बैच | विगत माह तक आयोजित बैचों की संख्या | विगत माह तक प्रशिक्षित आशाओं की संख्या | वर्तमान माह में आयोजित बैचों की संख्या | वर्तमान माह में प्रशिक्षित आशाओं की संख्या | कुल आयोजित बैचों की संख्या | कुल प्रशिक्षित आशाओं की संख्या |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

कृपया अपने जनपद की शहरी आशाओ के माड्यूल 6 व 7 के तृतीय चरण के प्रशिक्षण की योजना बनाकर परिवार कल्याण महानिदेशालय व एस.पी.एम.यू. को सूचित करें तथा समस्त दिशा निर्देशो का कड़ाई से अनुपालन कराते हुए उपरोक्त प्रशिक्षण कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–यथोक्त

भवदीया,

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक

**पत्रांकः** SPMU/NUHM/Guideline/2020-21/47/ 2684-10 तद्दिनांक

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन।
2. महानिदेशक, परिवार कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ।
3. संबंधित मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
4. संबंधित जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, उत्तर प्रदेश।
5. संबंधित मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।
6. महाप्रबंधक, एम0आई0एस0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की उक्त दिशा–निर्देशों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
7. संयुक्त निदेशक, नगरीय, परिवार कल्याण, प0क0 महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश।
8. संबंधित जनपदीय नोडल अधिकारी, एन.यू.एच.एम, उत्तर प्रदेश।
9. संबंधित मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक/अरबन हेल्थ कन्सल्टेंट उत्तर प्रदेश।
10. संबंधित जनपदीय कार्यक्रम प्रबन्धक/शहरी स्वास्थ्य समन्वयक, उत्तर प्रदेश।

(डा0 राजेश झा)
महाप्रबन्धक, एन0यू0एच0एम0